राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड

राजभवन देहरादून 04 सितम्बर, 2023

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) के समक्ष सोमवार को राजभवन में राज्यपाल के आईटी सलाहकार के. नारायणन ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, आईटी एवं नवीन तकनीकों के राजभवन में उपयोग से संबंधित अपना प्रस्तुतिकरण दिया। बैठक में सचिव श्री राज्यपाल रविनाथ रामन और अपर सचिव स्वाति एस. भदौरिया भी उपस्थित रहीं।

राज्यपाल ने कहा कि वर्तमान में टेक्नोलॉजी को अपनाना बेहद जरूरी है और अपने दैनिक कार्यों में इसका प्रयोग किया जाना समय की मांग है। उन्होंने कहा की वर्तमान टेक्नोलॉजी की सदी में आम जनमानस को बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध कराने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डिजिटल टेक्नोलॉजी का प्रयोग हर क्षेत्र में करने की आवश्यकता है। राज्यपाल ने कहा की उत्तराखण्ड में स्वास्थ्य, शिक्षा और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में टेक्नोलॉजी का उपयोग एक बेहतर विकल्प है। उन्होंने कहा की प्रयास है कि राजभवन में ऑनलाइन माध्यम से व्यवस्थाओं को सुलभ बनाया जाए और फिर समूचे प्रदेश में टेक्नोलॉजी की सहायता से सकारात्मक परिवर्तन लाए जाए।

.............0.............